**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर के प्रवेश समिति की दिनांक 21.05.2019 दिन मंगलवार को सम्पन्न 11वीं बैठक का कार्यवृत्त :**

बैठक मे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुये।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 नरेन्द्र बहादुर सिंह, मा0 कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 करूणाकर सिंह, प्रति कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 3. | प्रो0 मनीष गौर, निदेशक, सेन्टर फार एडवान्स स्टडीज, ए0के0टी0यू0 लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 एस0पी0 शुक्ला, निदेशक, राजकीय इंजी0 कालेज, बांदा। | सदस्य |
| 5. | डा0 वन्दना दीक्षित कौशिक, सह अधिष्ठाता, प्रतिनिधि, अधिष्ठाता स्कूल ऑफ इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 दीपक श्रीवास्तव, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 रेखा बाली, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड सांइस, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | डा0 आर0के0 शुक्ला, अधिष्ठाता स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एण्ड सोशल सांइसेज, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | श्री राजेश सिंह, वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला, कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 11. | प्रो0 अलक कुमार सिंह, फूड टेक0 विभाग (ओ0बी0सी0 नामिनी), एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 12. | डा0 ए0के0 संखवार, एसो0 प्रोफेसर, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग (एस0सी0 नामिनी), एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 13. | श्री जमील अहमद, असि0 प्रोफेसर, इलेक्ट्रीकल इंजी0 विभाग, (अल्पसंख्यक नामिनी), एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 14. | श्री एम0डी0 सिंह, सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 15. | डा0 राम औतार, प्रोफेसर, गणित विभाग, सह समन्वयक, प्रवेश समन्वय समिति, ए0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष–आमंत्री |
| 16. | डा0 विनय प्रताप सिंह, असि0 प्रोफेसर, मैकेनिकल इंजी0, ए0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष–आमंत्री |
| 17. | डा0 प्रभात वर्मा, असि0 प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग, ए0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष–आमंत्री |
| 18. | डा0 पी0के0एस0 यादव, असि0 प्रोफेसर, ऑयल टेक0 विभाग, ए0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष–आमंत्री |
| 19. | डा0 ललित कुमार सिंह, असि0 प्रोफेसर, बायो केमिकल इंजी0 विभाग, ए0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष–आमंत्री |
| 20. | श्री एस0के0 मिश्रा, आन्तरिक सम्परीक्षक, ए0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष–आमंत्री |
| 21. | डा0 विवेक कुमार, सह अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष–आमंत्री |
| 22. | प्रो0 आनन्द कुमार, अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य–सचिव |

Scanned by CamScanner

प्रवेश समिति के अध्यक्ष महोदय एवं सचिव द्वारा बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई :

**बिन्दु सं0:11.01 विश्वविद्यालय के प्रवेश समिति की दिनांक 21.01.2019 को सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

समिति ने विश्वविद्यालय के प्रवेश समिति की दिनांक 21.01.2019 को सम्पन्न हुई बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

**बिन्दु सं0:11.02 विश्वविद्यालय के प्रवेश समिति की दिनांक 21.01.2019 को सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

समिति ने विश्वविद्यालय के प्रवेश समिति की दिनांक 21.01.2019 को सम्पन्न हुई बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण को संज्ञान में लिया।

बैठक में अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद के तृतीय बैठक के निर्णय के क्रम में अखिल भारतीय आधार पर 20 प्रतिशत सुपर न्यूमरेरी सीटों पर प्रवेश की अनुमति हेतु स्वीकृत सीटों के अन्तर्गत शासन को संशोधित प्रस्ताव भेजा गया है जिस पर कार्यवाही लम्बित है।

बी0टेक0 द्वितीय वर्ष में 20 प्रतिशत क्षैतिज प्रवेश (Lateral Entry) के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया कि शासन की मंशा के अनुरूप एक्ट में यथावश्यक संशोधन कराकर कार्यवाही सम्पन्न करायी जाय।

**बिन्दु सं0:11.03 शैक्षिक सत्र 2019 – 20 में विश्वविद्यालय के बी0टेक0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु जारी होने वाले दिशा –निर्देशों पर विचार।**

समिति ने कतिपय संशोधनों के साथ बी0टेक0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु जारी होने वाले दिशा–निर्देशो पर अनुमोदन प्रदान किया।
इस सम्बन्ध में समिति ने निर्देश दिया कि बी0टेक0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु दिशा निर्देश विश्वविद्यालय के अध्यादेश के साथ ही अभातशिप/जे0ई0ई0 (मेन्स) के दिशा–निर्देशों के अनुरूप होना सुनिश्चित किया जाय।

**बिन्दु सं0:11.04 शैक्षिक सत्र 2019–20 में विश्वविद्यालय के एम0सी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु जारी होने वाले दिशा–निर्देशों पर विचार।**

समिति ने प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार एम0सी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु जारी होने वाले दिशा–निर्देशों में बी0टेक0 पाठ्यक्रमों के अनुसार दिये गये सुझावों को शामिल करने पर अनुमोदन प्रदान किया।

Scanned by CamScanner

**बिन्दु सं0:11.05 शैक्षिक सत्र 2019–20 में विश्वविद्यालय के एम0टेक0 (पूर्णकालिक एवं अंशकालिक) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु जारी होने वाले दिशा–निर्देशों पर विचार।**

समिति ने प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार एम0टेक0 (पूर्णकालिक एवं अंशकालिक) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु जारी होने वाले दिशा–निर्देशो पर अनुमोदन प्रदान किया।

**बिन्दु सं0:11.06 शैक्षिक सत्र 2019–20 में विश्वविद्यालय के पी0एच0डी0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु जारी होने वाले दिशा–निर्देशों पर विचार।**

समिति ने विश्वविद्यालय के पी0एच0डी0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु जारी होने वाले दिशा–निर्देशो पर अनुमोदन प्रदान किया।

**बिन्दु सं0:11.07 बी0टेक0 एवं एम0सी0ए0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु काउन्सिलिंग के विस्तृत कार्यक्रम पर विचार।**

समिति ने विश्वविद्यालय के बी0टेक0 एवं एम0सी0ए0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु काउन्सिलिंग के विस्तृत कार्यक्रम के प्रस्ताव पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**बिन्दु सं0:11.08 एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु काउन्सिलिंग के विस्तृत कार्यक्रम पर विचार।**

समिति ने विश्वविद्यालय के एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु काउन्सिलिंग के विस्तृत कार्यक्रम के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया।

**बिन्दु सं0:11.09 बी0टेक0 एवं एम0सी0ए0 पाठ्यक्रमों की प्रस्तावित सीट मैट्रिक्स एवं ई0डब्ल्यू0एस0 सीटों की गणना पर विचार एवं अनुमोदन।**

समिति ने विश्वविद्यालय के बी0टेक0 एवं एम0सी0ए0 पाठ्यक्रमों की प्रस्तावित सीट मैट्रिक्स और ई0डब्ल्यू0एस0 सीटों की गणना पर विचार करते हुये यह निर्देश दिये कि ई0डब्ल्यू0एस0 आरक्षण के सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी शासनादेश के प्राविधानों के अनुसार सीट मैट्रिक्स तैयार किये जाये।

सीटों की संख्या में प्रस्तावित वृद्धि के ~~के~~ दृष्टिगत विभागवार अतिरिक्त शिक्षकों/कर्मचारियों एवं आधारभूत संरचनाओं की आवश्यकता का आंकलन करते हुये विश्वविद्यालय स्तर से सुविचारित प्रस्ताव शासन के स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया जाय।

बी0टेक0/एम0सी0ए0 पाठ्यक्रमों की सीट मैट्रिक्स एवं ई0डब्ल्यू0एस0 सीटों की गणना सम्बन्धी ब्यौरा विद्या परिषद के संज्ञानार्थ प्रस्तुत किया जाय।

Scanned by CamScanner

**बिन्दु सं0:11.10 प्रवेश समन्वय समिति के कार्यो में सहयोग देने वाले शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों हेतु मानदेय पर विचार।**

समिति ने विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वय समिति के कार्यों में सहयोग देने वाले शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों हेतु मानदेय दिये जाने पर सहमति प्रदान करते हुये निर्देशित किया कि इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय की वित्त समिति से भी अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाय।

**बिन्दु सं0:11.11 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।**

**बिन्दु सं0:11.11(1) विश्वविद्यालय के बी0टेक0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु शैक्षणिक अर्हता अभातशिप मानकों/जे0ई0ई0 (मेन्स)–2019 की अर्हताओं के समान किये जाने पर विचार।**

समिति ने बी0टेक0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु शैक्षणिक अर्हता में अंग्रेजी विषय में उत्तीर्ण होने के प्राविधान को संशोधित करते हुये इसे विश्वविद्यालय अध्यादेश एवं अभातशिप मानकों/जे0ई0ई0 (मेन्स)–2019 की अर्हताओं के अनुरूप किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

| | |
|---|---|
| (प्रो0 आनन्द कुमार) | (प्रो0 एन0बी0 सिंह) |
| सदस्य–सचिव | अध्यक्ष |

Scanned by CamScanner